(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि अमरीका की इस वैज्ञानिक सुविधा से इस क्षेत्र में मानव जीवन के विनाश की संभावना बढ़ गई है ;

(घ) यदि नहीं तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने अमरीका का ध्यान इन मानव-विरोधी गतिविधियों की ओर दिलाया है ?

विदेश मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी) : (क) सरकार को पाकिस्तान में भूकम्पीय निगरानी तंत्र स्थापित करने की जानकारी है । यह व्यवस्था अमरीका की सहायता से अंतर्राष्ट्रीय भूकम्पीय नेटवर्क के एक भाग के रूप में की जा रही है । जिसका प्रयोग भावी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी), जिसके संबंध में जेनेवा में इस समय निरस्त्रीकरण संबंधी सम्मेलन में बातचीत चल रही है, का सत्यापन करने के लिए किया जाएगा ।

(ख) सरकार को पाकिस्तान के चोरी-छिपे गस्त्रोन्मुख नाभिकीय कार्यक्रम की जानकारी है । पाकिस्तान के नेताओं ने भी अपने वक्तव्यों में पाकिस्तान की नाभिकीय क्षमता की पुष्टि की है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

"सार्क" सम्मेलन स्थगित किया जाना

435. **श्री गोविन्दराव आदिक :**

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अप्रैल में दिल्ली में होने वाला "सार्क" सम्मेलन स्थगित कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) अगला "सार्क" सम्मेलन कब और कहां होगा और उसमें किन-किन विषयों पर चर्चा होगी ?

विदेश मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी) : (क) और (ख) आठवां "सार्क" शिखर सम्मेलन, जो अप्रैल, 1995 में नई दिल्ली में होना था, पाकिस्तान की सरकार के अनुरोध पर स्थगित कर दिया गया है।

(ग) आठवें "सार्क" शिखर सम्मेलन का समय पुनः निर्धारित किया गया है और अब यह 2 मई से 4 मई, 1995 तक नई दिल्ली में होगा। आज की तारीख तक के अनुसार जिन विषयों पर विचार-विमर्श होगा, वे नीचे लिखे अनुसार होंगे :

—सार्क मंत्री परिषद् के तेरहवें, चौदहवें और पन्द्रहवें सत्रों की रिपोर्ट ।

—नवम्बर, 1993 में काठमांडू में हुए महिला एवं परिवार स्वास्थ्य संबंधी सार्क मंत्री स्तरीय सम्मेलन द्वारा पारित काठमाण्डू संकल्प।

—दिसम्बर, 1993 में इस्लामाबाद में हुए विकलांग व्यक्तियों के संबंध में सार्क मंत्री स्तरीय सम्मेलन का इस्लामाबाद संकल्प और रिपोर्ट ।

—मई, 1994 में माले में हुए दक्षिण एशिया में युवा संबंधी सार्क मंत्री स्तरीय सम्मेलन द्वारा पारित माले संकल्प।

—जुलाई, 1994 में ढाका में हुई सार्क वित्त/योजना मंत्रियों की बैठक की रिपोर्ट।

Complaints of foriegn esttaecMittuw against Indian Public Sector Compaake

436. SHRI GHUFRAM AZAM: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Govemment have taken any decision on the complaints recieved by Indian mission in 'Berlin, Germany from foreign entrepreneurs against some Indian State Sector companies for their various lapses